# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

सर्वोच्च न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विवादित आदेश पर रोक लगाते हुए कहा है कि यह निर्णय असंवेदनशीलता का परिचायक है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के विवादित आदेश में कहा गया है कि अनुचित स्पर्श या वस्त्र से छेडछाड़ दुष्कर्म का प्रयास नहीं है और अभियोजन पक्ष को दुष्कर्म के आरोप सिद्ध करने के लिए उन्हें और आवश्यक सबूत पेश करने चाहिए थे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 17 मार्च के निर्णय के खिलाफ श्वी द वूमेन ऑफ इंडियाश नामक संगठन ने सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले को उठाया था। जिस पर शीर्ष न्यायालय ने संज्ञान लिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि इससे इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा में संवेदनशीलता की कमी लगती है। शीर्ष न्यायालय ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। इसके अलावा सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि की सहायता भी मांगी गई है। 17 मार्च को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने उत्तर प्रदेश के कासगंज में आरोपी की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए विवादित निर्णय दिया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी पवन और आकाश के खिलाफ लगाए गए आरोप और मामले के तथ्य इसे दुष्कर्म के प्रयास का अपराध नहीं बनाते। समाचार कक्ष से मैं कनक लता।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ साल पूरे होने पर आज आगरा में आयोजित जनपदीय विकास उत्सव में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने छह सौ पैंतिस करोड़ रुपये की एक सौ अट्ठाइस परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सरकार की पिछली आठ साल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अभी तक साढ़े आठ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है।

***हमने अब तक साढ़े आठ लाख से अधिक नौजवानों को नौकरी दी है, सरकारी नौकरी। अभी हाल ही में आपने देखा होगा साठ हजार से अधिक पुलिस भर्ती की प्रक्रिया सम्पन्न हुई है। साठ हजार में से बारह हजार केवल बेटी बेटी ही सैलेक्ट हुई है। बहनों एवं भाईयों, यह कभी नहीं हुआ था। इतने बड़े पैमाने पर नौकरी।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सरकार के आठ वर्षों में सरकार के कामकाज पर ''एक झलक'' रिपोर्ट कार्ड नामक डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम में कर करीब दो सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज बलरामपुर जिले का दौरा किया। उन्होंने प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति'' के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित किया। राज्यपाल ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी के स्टॉल्स को देखा। उन्होंने आंगनबाड़ी संसाधन किट, भूमि पट्टा और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को चेक का वितरण किया। इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और  खादी ग्रामोद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे।

**********

प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गोरखपुर के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने बताया कि योगी सरकार में छप्पन लाख लोगों के मकान बने हैं और पंद्रह करोड लोगों को राशन मिला। उन्होंने कहा कि सरकार ने लगभग दो दशमलव तीन करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया। पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और करीब छियालिस लाख लोगों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिया गया।

**********

आगामी बीस वर्षों तक प्रत्येक रामनवमी के दिन देश दुनिया के लोग श्रीरामलला का मस्ताभिषेक देख सकेंगे। इस दौरान श्रीरामलला का सूर्य तिलक होगा। यह जानकारी श्रीराममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने आज मंदिर निर्माण संबंधी दो दिवसीय बैठक के बाद दी। उन्होंने बताया कि रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिक ऐसी व्यवस्था बनाने में लगे हैं, जिससे प्रत्येक रामनवमी को दोपहर बारह बजे सूर्य की किरणें श्रीरामलला के मस्तक को सुशोभित कर सकें।

**********

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने देश भर में सौगात–ए–मोदी अभियान की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य देशभर में बत्तीस लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को ईद के अवसर पर विशेष किट वितरित करना है। यह जानकारी आज आकाशवाणी समाचार से बातचीत में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने दी है।

**********